हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–173 : जौनपुर, शनिवार 11 मार्च 2023 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

लोकसभा के बारे में झूठी अफवाह को कैसे करें बर्दाश्त –उपराष्ट्रपति

मेरठ ब्यूरो : मेरठ में धन सिंह कोतवाल पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में पहुंचे उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने ठान लिया है कि देश की प्रतिष्ठा को कुंठित, धूमिल करना है। उनमें से एक को आंखों के सामने देखा। उन्होंने कहा कि लोकसभा में आज तक माइक बंद नहीं हुआ। कोई बाहर जाकर कहता है कि माइक बंद किया जाता है। यह कैसे बर्दाश्त कर सकते हैं। सोचो छाती पर कितना सांप लोटता होगा। वहीं उन्होंने कहा कि सदन में अपने मन की बात खुलकर रखें। उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में मेरा यह औपचारिक रूप से पहला आगमन है। उन्होंने कहा कि यह आगमन जीवन में हमेशा यादगार रहेगा। जगदीप ने कहा कि ध्यान सिंह कोतवाल की प्रतिमा का अनावरण करूं, इतनी मेरी हैसियत नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो साचा नहीं था, वह अब मुमकिन हो रहा है। उन्होंने कहा कि कोतवाल का कार्य क्षेत्र बहुत लंबा था। उप–राष्ट्रपति ने कहा कि मेरे मन में एक नाराजगी है कि हम शहीदों को क्यों भूल गए। उन्होंने कहा कि हमारे इतिहास में इनका जिक्र सही ढंग से क्यों नहीं किया गया। कहा कि आज पूरा विश्व भारत का लोहा मान रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व देखता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्या बोलेंगे। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये से एक बहुत बड़ा ऑडिटोरियम बन रहा है। अगली बार मेरठ

आऊंगा तो यह टेंट लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि जो सोचा नहीं था, वह आज आंखों के सामने पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज जो सुनने को मिल रहा है, वह मन को प्रशन्न करता है। कहा कि विकास की गंगा इसी राज्य में बह रही है। लॉ ऑर्डर के मामले में उत्तर प्रदेश आज उत्तम प्रदेश है। उन्होंने कहा कि जब हालात दूसरे थे, पुलिसकर्मियों को डराया जाता था। लेकिन आज हालात अलग है, पुलिसकर्मी बिना किसी दबाव के काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं मेरठ से पॉजिविटी लेकर जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि जो भी उत्तर प्रदेश में रह रहा है, वह बहुत गौरवशाली है। उन्होंने कहा कि 2047 में भारत विश्वगुरु होगा।

आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं –उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

लखनऊ ब्यूरो : आशा वर्कर को हर हाल में समय पर मानदेय मुहैया कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कई बार आशा, एएनएम समेत दूसरे वर्कर समय पर मानदेय या वेतन न मिलने की शिकायत करते हैं। अधिकारी समय–समय पर कर्मचारियों के मानदेय वेतन की समीक्षा करें और इस व्यवस्था में सुधार लाएं। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों सभी का वेतन समय पर जारी करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एनएचएम व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये। प्रदेश में एक लाख 60 हजार से अधिक ग्रामीण और सात हजार से ज्यादा शहर में आशा वर्कर हैं। आठ हजार से अधिक आशा संगिनी हैं। आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी स्वास्थ्य सुविधा को सबसे निचले पायदान के लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण इकाई हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आशा वर्कर मातृ शिशु मृत्युदर के आंकड़ों में कमी लाने में अहम भूमिका निभाती हैं। गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें अस्पताल लाती है। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम करती हैं। शिशुओं का टीकाकरण करती हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की हैं अहम कड़ी परिवार नियोजन समेत दूसरी केंद्र व

प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचा रही हैं। आशा जनता के स्वास्थ्य की अहम कड़ी हैं। सरकार का फोकस आशा वर्कर को हाईटेक करना है। उन्हें स्मार्टफोन से लैस किया जा रहा है। ताकि योजनाओं का सही क्रियांवयन हो सके। आशा व एएनएम समेत दूसरे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा रहे, इसलिए समय पर वेतन, मानदेय मिलना चाहिये। इसमें किसी भी दशा में लापरवाही न बरती जाये।

गुंडा एक्ट के मामलों में मंडलायुक्त और कमिश्नर सुनेंगे अपील

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में गुंडा एक्ट के मामलों में होने वाली अपील को मंडलायुक्त और पुलिस कमिश्नर सुनेंगे। प्रदेश के चार शहरों में कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद दो वर्ष पूर्व भी इसमें आंशिक संशोधन किया गया था। हालांकि भारत सरकार ने विधेयक की धारा–6 में विरोधाभास को समाप्त करने के लिए विधेयक की धारा–2 से कमिश्नर ऑफ पुलिस को हटाए जाने तथा जेसीपी, डीसीपी को ओरिजिनल पावर दिए जाने का स्पष्ट प्रस्ताव देने को कहा था। जिसके बाद कैबिनेट ने उप्र गुंडा नियंत्रण संशोधन विधेयक 2021 को भारत सरकार से वापस लेकर उसके स्थान पर नया संशोधन विधेयक लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। दरअसल, पहले भेजे गए विधेयक में अपीलीय अधिकारी को लेकर विरोधाभास था। कमिश्नरेट सिस्टम में पुलिस कमिश्नर से लेकर डीसीपी तक को गुंडा एक्ट लगाने का अधिकार दिया गया था जबकि मंडलायुक्त को अपीलीय अधिकारी बनाया गया था। इससे व्यावहारिक दिक्कतें आ रही थीं। इसके

दृष्टिगत विधेयक में नया संशोधन करते हुए पुलिस कमिश्नर को भी अपीलीय अधिकारी बनाया गया है। जेसीपी, एडीसीपी और डीसीपी को गुंडा एक्ट लगाने का अधिकार दिया गया है। वहीं जिन जिलों में कमिश्नरेट प्रणाली नहीं हैं, वहां डीएम और एडीएम पूर्व की तरह गुंडा एक्ट लगा सकेंगे, जबकि अपीलीय अधिकारी मंडलायुक्त होंगे।

जिलाधिकारी ने कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की प्रगति बढ़ाने का दिया निर्देश

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में शुक्रवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व व कर–करेत्तर कार्यो एव एंटी भूमाफिया की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग एवं वाणिज्य कर द्वारा राजस्व वसूली के अपेक्षित लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित वसूली प्रगति जोर दिया। उन्होंने स्टांप शुल्क, वन विभाग व नगरीय निकाय शुल्क/करो को कैंप के माध्यम से लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली पूरी करें, इसमें किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकरियों को निर्देश दिया कि तहसीलों में लंबित भूमि विवादों, मुकदमों को निस्तारण कराए। उन्होंने कहा कि 06 माह से पूराने धारा 24 के मामलों की सूची बनाकर नियमित कानूनगो की समीक्षा करें और जल्द से जल्द निस्तारण कराएं। सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि वरासत के मामले किसी भी दशा में लंबित न रहे। जिलाधिकारी ने कर करेत्तर एवं लक्ष्य वसूली के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लम्बित राजस्व वादों का निस्तारण शीघ्र सुनवाई करके उनका निस्तारण किया जाये। कर करेतर की वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति के सम्बन्ध में वाणिज्य कर, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, ऊर्जा

विभाग, नगर विकास, वन विभाग, खनन, कृषि विपणन/मण्डी समिति, बाट माप, सिंचाई विभाग के वार्षिक लक्ष्य को निर्धारित समय में राजस्व की वसूली पूरी करने के निर्देश दिये गये है। विविध देयों की वसूली का तुलनात्मक विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने एंटी भू माफिया राजस्व की समीक्षा करते हुए सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि सम्बंधित सीओ एवं एसएचओ के साथ समन्वय कर भू–माफिया का चिन्हिकरण कराकर पोर्टल पर अपलोड करा दे। राजस्व संहिता के अविवादित वरासत, अविवादित दाखिल खारिज, तालाब, आवासीय भूमि, कृषि भूमि, वृक्षारोपण आदि का आवंटन, चकमार्ग तथा सार्वजनिक उपयोग की भूमि व तालाब पोखरों आदि से हटाये गये अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे पर विस्तार से चर्चा की गईं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार उपस्थित रहे।

मि0ए0ई0डि0 उ0प्र0 के प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न : प्रमुख अभियन्ता द्वारा पदस्थापना न किये जानें से कर्मचारियों में रोष

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : मि0ए0ई0डि0 उ0प्र0 की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक चौधरी चरण सिंह सभागार सिंचाई भवन एनेक्सी लखनऊ में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कृतार्थ सिंह प्रांतीय अध्यक्ष ने की। बैठक में मुख्यतः तीन बिंदुओं पर गहन विचार विमर्श किया गया,– समूह ग में लिपिक संवर्ग के स्थानांतरण बिना उसकी सहमति के जिले से बाहर न किए जावे।– कर्मचारियों की प्रोन्नति उपरांत पदस्थापना अवशेष है उसे तत्काल किया जाए।– रिक्त पदों पर तत्काल प्रोन्नति की जावे। बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए सर्व श्री जगदीश सिंह पाल, प्रभुदयाल, सतयुगी सिंह, नीरज भटनागर, अल्केश मिश्रा, विनोद कुमार सचान, संत सिंह, चौ0 आनंद, संतोष तिवारी, राम प्रकाश श्रीवास्तव, विपिन कुमार धनगर, अमर गुप्ता, चमनलाल भारती, प्रमोद कुमार पाठक, दीपक सिंह, रविंद्र कुमार, संजीव चतुर्वेदी, रामचंद्र गुप्ता, राकेश सिंह, अजय प्रताप यादव ,मनोज रुहेला, कविता सिंह, आशीष कुमार ,कृष्ण कुमार आदि ने कहा कि लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों का स्थानांतरण यदि जिले के बाहर किए जाने की योजना बनाई जाती है तो हम उसका प्रबल विरोध करेंगे। प्रोन्नति यों के पश्चात पदस्थापना में काफी विलंब हो चुका है जिसे

तत्काल किया जाना चाहिए। प्रोन्नतियां अविलंब की जानी चाहिए।

सभा का संचालन गोवर्धन सिंह महामंत्री द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कृतार्थ सिंह प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि कर्मचारियों का किसी भी प्रकार का उत्पीड़न हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि दिनांक 23 मार्च 2022 को जांच समिति की रिपोर्ट आ चुकी है जिसमें संघ के पैड का दुरुपयोग करने के लिए रामलाल यादव व अन्य को दोषी पाया गया। विभागाध्यक्ष को उनके विरुद्ध कार्यवाही करनी है इसी प्रकार राम लाल यादव के विरुद्ध भी अधीक्षण अभियंता (सप्तम) मंडल सिंचाई कार्य लखनऊ को कार्यवाही करनी है लेकिन विलंब कर सरकार की भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी नीति का उल्लंघन किया जा रहा है जिसे हम बहुत दिनों तक बर्दाश्त नहीं करेंगे।

डॉक्टर व अस्पताल पर 80 लाख का हर्जानाः सर्जरी के दौरान महिला के पेट में छोड़ा स्पंज–कॉटन

लखनऊ ब्यूरो : आपरेशन के दौरान मरीज के पेट में स्पंज व कॉटन का बंडल छोड़ देना सेवा में बरती गई घोर लापरवाही दर्शाता है। इसके लिए सहारा हास्पिटल प्रबंधन व सर्जरी करने वाली चिकित्सक डॉ. अंजली सोमानी को संयुक्त अथवा अलग–अलग तौर पर 80 लाख का हर्जाना पीड़िता को चुकाना होगा। यह आदेश राज्य उपभोक्ता आयोग के न्यायिक सदस्य राजेंद्र सिंह व विकास सक्सेना की पीठ ने दिया। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि क्षतिपूर्ति की देय धनराशि 45 दिनों में 24 सितंबर 2013 से 10 प्रतिशत वार्षिक की दर से साधारण ब्याज को जोड़ते हुए चुकाई जाए। प्रस्तुत वाद में पीड़ित शिव शंकर ने पत्नी सुमेना त्रिपाठी को 18 सितंबर 2013 को बच्चे की डिलीवरी के लिए गोमती नगर स्थित सहारा हास्पिटल में भर्ती कराया था। जहां डॉ. अंजली सोमानी ने उसकी प्रसव सर्जरी से कराई। बच्चे के जन्म के बाद 10 अक्तूबर को उसे घर भेज दिया गया। इसके लगभग चार–पांच माह बाद सुमेना के पेट में भयंकर दर्द रहने लगा। उसे इलाज के लिए कई डॉक्टरों को दिखा गया। जांच कराने पर मालूम पड़ा कि डिलीवरी के समय हुई सर्जरी के दौरान उसके पेट में स्पंज व कॉटन का एक बंडल छूट गया, जो अंदर ही अंदर सड़ गया है। इसका इलाज करने के दौरान उसकी ऑत तक काटनी पड़ी। सर्जन ने बाद में एब्डोमिनल वाल में ऑपरेशन करके बड़ी आंत के एक सिरे को मलद्वार के लिए एक बड़ा थैला अन्दर ही अन्दर बनाकर उसमें लगाया। इस दौरान चार माह तक पीड़िता के कैथेटर भी लगा लगा रहा। इस लापरवाही की क्षतिपूर्ति के लिए पति शिव शंकर ने सहारा अस्पताल प्रबंधन व सर्जरी करने वाली डॉ. सोमनी के खिलाफ राज्य उपभोक्ता आयोग में हर्जाना वाद प्रस्तुत किया। वाद से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सुनवाई के बाद आयोग की न्यायिक पीठ ने पाया कि सहारा अस्पताल द्वारा सेवा में कमी बरती गई है। सर्जरी के दौरान बरती गई घोर लापरवाही के कारण ही सुमेना त्रिपाठी के पेट में स्पंज व कॉटन का बंडल छूट गया। इस लिए अस्पताल प्रबंधन व सर्जरी करने वाली चिकित्सक को पीड़िता व उसके परिवार को हुई मानसिक यंत्रणा, अवसाद व अन्य परेशानी का जिम्मेदार मानते हुए ब्याज के साथ 80 लाख रुपये की हर्जाना राशि चुकाने का आदेश दिया जाता है। निर्देश में कहा गया है कि यदि उक्त धनराशि का भुगतान 45 दिन की समयावधि में नहीं किया गया तो देय राशि पर 15 प्रतिशत वार्षिक की दर से साधारण ब्याज चुकाना होगा।

पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट

www.Desh ki upasana.com

का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

सेंट जोसेफ स्कूल पचौहा में जल संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र गोरखपुर द्वारा विकासखंड उरुवा में ब्लॉक समन्वयक अमन सिंह के नेतृत्व सेंट जोसेफ स्कूल पचौहा में कैच द रेन सीजन 3 का पोस्टर लॉन्च कर शुभारंभ किया गया व जल संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया कार्यक्रम में प्रथम

लाडली गुप्ता द्वितीय साक्षी कुमारी व तृतीय स्थान सीखर सिंह ने प्राप्त किया विजई प्रतिभागियों को अतिथियों ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नीरज दुबे भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोरखपुर ने संबोधित करते हुए कहा कि जल हम सभी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है और पृथ्वी को जीवन से परिपूर्ण और हरा भरा रखने के लिए जल बचाना अति आवश्यक है वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए एडवोकेट मयंक उपाध्याय अधिवक्ता उच्च न्यायालय ने कहा हमें भूजल स्रोतों को बचाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए व जल संरक्षण के साथ–साथ जल को दूषित होने से भी बचाना होगा ब्लॉक समन्वयक अमन सिंह ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया व कार्यक्रम का संचालन अमनमणि त्रिपाठी ने किया अध्यक्षता विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल विनय हाबिल ने किया इस दौरान कार्यक्रम में विशेष रुप से श्री अवनीश मिश्रा, जितेंद्र यादव, सतेंद्र गुप्ता, इंदिरा सिंह,पीएम शेख विजय मणि,जगन्नाथ,निधि आदि उपस्थित रहे।

प्रो0 देवेंन्द्र कुमार सिंह ने कपिल शर्मा को किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ – भूगोल विभाग के नेशनल पीजी कालेज के 2004 के पूर्व छात्र एवं जो वर्तमान में बिहार निर्वाचन अधिकारी के रुप में कार्यरत है, कपिल शर्मा ने भूगोल विभाग के छात्र–छात्राओं को सिविल परिक्षाओ प्रशासनिक, प्रतियोगी परिक्षाओं के तैयारी, उसके अध्ययन विधियों, पुस्तको के महत्व, निर्वाचन में भूगोल एवं जी आई एस के

महत्व,चुनावी प्रक्रिया के विषय आदि महत्वपूर्ण विषयों पर छात्र – छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा लगन एवं महनत सफलता की कुंजी है कोई भी छात्र छात्रा अपने लक्ष्य को केंद्रित कर लगातार कार्य करता है, तो वह न केवल अपना उत्थान करता है वरन उसके कारण परिवार, क्षेत्र एवं समाज का विकास होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० देवेन्द्र कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष प्रो. पी. के सिंह, डा. ऋतु जैन, डा. अमित गुप्ता डा. अभिषेक सिंह उपस्थित रहेद्य इस अवसर पर प्राचार्य प्रोऽ देवेंन्द्र कुमार सिंह ने कपिल शर्मा जी को सम्मानित किया तथा उनसे आगे भी विभाग एवं कालेज के छात्र– छात्राओं से जुड़कर बच्चों का मनोबल बढ़ाते रहने तथा सिविल परिक्षाओ को उत्तीर्ण करने के लिए मार्गदर्शन, मॉक इंटरव्यू के लिए छात्र–छात्राओं का आगे भी मार्गदर्शन करने का अनुग्रह किया। उन्होंने ए० पी० जे० अब्दुल कलाम जी की तरह बच्चो को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया और अपने को ऊँचाई पर ले जाने को कहा क्योंकि शिखर पर सदैव स्थान रिक्त रहता है अतः उन्होंने बच्चों को अपनी प्रतिभा पहचान कर सभी क्षेत्रों में जैसे स्टार्टअप, इंटरप्रेनयोर जैसे क्षेत्रों में अपना परचम लहराने के लिए प्रेरित किया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अपनीं कमजोरियां पुरुषार्थ को कठिन बना देती हैं।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

न्यायः उम्मीद की किरण है मानवाधिकार आयोग

मानवाधिकार आयोग ने तीन दशक के अपने सफर में स्वतः संज्ञान लेकर ऐसे लोगों के मानवाधिकारों की रक्षा की है, जिनकी कहीं सुनवाई नहीं होती।

विषम परिस्थितियों में न्याय मांगते लोग जब अपने पीछे किसी ऐसे स्तंभ का हाथ देखते हैं, जो उनके हित की लड़ाई में सहयोगी बन बैठा हो, तो उनके अंधेरे जीवन में एक रोशनी–सी आ जाती है, और वे उम्मीद से अपने होने का पुनः एहसास करने लगते हैं। भारत का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग इस दिशा में वर्ष 1993 से ऐसी पहल करते हुए देश की जनता के साथ है, जिसके लिए आयोग की तारीफ की जानी चाहिए।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना 1993 में हुई और 24 जून, 1993 को ही आयोग ने जमाल अफगानी के मामले को स्वतः संज्ञान में लिया। उन दिनों आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्रा थे। वह आयोग के प्रथम अध्यक्ष थे। वर्ष 1993 से अब तक मानवाधिकार आयोग ने 2,685 मामले स्वतः संज्ञान में लिए हैं, जो कि उदाहरणीय संख्या है। आयोग की ओर से साल 2023 में ही स्वतः संज्ञान मामलों की संख्या 25 है। इन सभी मामलों को संज्ञान में लाने में सामान्य जन, अखबार, रैपोर्टियर (दूत), टीवी और दूसरे महत्वपूर्ण लोग हैं। किंतु खबरें चला दी जाएं या प्रकाशित कर दी जाएं, या चिट्ठी लिख दी जाए या रिपोर्ट कर दिया जाए, उससे कोई प्रभाव नहीं पड़ता। आयोग ने उसे स्वीकार किया या आयोग ने स्वतः सूत्रों से उन विषयों को अपने दिमाग का हिस्सा बनाया, यह बहुत ही महत्वपूर्ण बात है।

मानवाधिकार आयोग की सक्रियता इससे प्रकट होती है। अब तक आयोग के सामने जितने भी मामले आए, उनकी संख्या 21 लाख 85 हजार 76 है, उनमें से 21 लाख 71 हजार 690 का निस्तारण किया गया है। आयोग निस्संदेह एक बड़ी भूमिका निभा रहा है। भले ही लोग सवाल करें कि आयोग करता क्या है! बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान के दायरे में रहकर इससे पोषित स्वायत्त संस्थाओं से यह आशा की थी कि वे अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करके सामाजिक न्याय की संकल्पना को मजबूत बनाएंगी।

मानवाधिकार आयोग ने निस्संदेह इस दिशा में आगे बढ़कर संविधान का सम्मान किया है और अपनी स्वतः संज्ञान जैसी पहल से सबके भीतर स्थान बनाया है। वर्तमान में इसके अध्यक्ष न्यायमूर्ति अरुण कुमार मिश्रा अपने दो माननीय सदस्य सहयोगियों डॉ. ज्ञानेश्वर मनोहर मुले और राजीव जैन के साथ नेतृत्व करते हुए आयोग की प्रतिष्ठा बढ़ा रहे हैं। स्वतः संज्ञान के मामले में आयोग की मंशा साफ झलकती है कि वह मानवीय संवेदनाओं के प्रति बहुत ही गहरे जुड़ा हुआ है।

अभी 2023 की शुरुआत ही है, और आयोग की 25 मामले स्वतः संज्ञान के दायरे में लाकर न्याय करने की पहल वास्तव में हमें उम्मेद से भर देती है। भारत की जनता ऐसी पहल को अपने कवच के रूप में देखे तो कोई अतिशयोक्तिपूर्ण बात नहीं होगी।

दुनिया में ऐसी स्वतः संज्ञान की एक लंबी परंपरा न्याय–तंत्र में है। हाल के समय में रोहिंग्या मामले हों या अफगानिस्तान में महिलाओं के ऊपर प्रतिबंधों का मामला हो, या फिर क्यों न यूक्रेन युद्ध के ही हताहत लोगों के मामले हों, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय ने कई बार स्वतः संज्ञान लिया है, और अपने विशेष दूत के माध्यम से ऐसी अनेक पहल करने की कोशिश की है। इस प्रकार के मामले यदि स्वतः संज्ञान में लेकर नहीं निपटाए जाएंगे, तो मानवता पीड़ा में ही रहने को मजबूर हो जाएगी। भारत में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा इसलिए इस दिशा में सकारात्मक और सक्रिय भूमिका निराश लोगों के जीवन में आशा का दीप प्रज्ज्वलित कर रही है।

केवल आयोग ही क्यों जागरूक हो, समाज की भी जिम्मेदारी है कि वह ऐसे मामलों को आयोग के संज्ञान में लाए, ताकि लोगों को न्याय मिल सके। जब दुनिया के अनेक देशों में स्थापित एनएचआरसी कुछ ज्यादा परिणाम नहीं दे पा रहे हैं, और उनके यहां मानवाधिकारों के हनन की निरंतरता बनी हुई है, तो ऐसे समय में, निस्संदेह भारत के 75 वर्षीय लोकतंत्र की महान यात्रा में एनएचआरसी के अब तक के स्वतः संज्ञान के मामले न्याय के प्रति आश्वस्त करते हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा वाराणसी जं (कैंट) स्टेशन का किया गया निरीक्षण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर रेलवे ,लखनऊ मंडल के परिक्षेत्र में आने वाले आध्यात्मिक तथा पौराणिक नगर वाराणसी में प्रत्येक दिन असंख्य संख्या में विश्व तथा भारत के प्रत्येक प्रान्त से दर्शनार्थियों एवं श्रृद्धालुओं का विभिन्न रेलगाड़ियों द्वारा वाराणसी जं (कैंट) स्टेशन पर आवागमन होता है। अतः यात्रियों को आधुनिकतम सुख सुविधाएँ उपलब्ध कराने एवं इस स्टेशन का नवीनीकरण करते हुए इसका कायाकल्प करने की दिशा में अनेक प्रकार के विकास कार्य एवं परियोजनाएं वर्तमान समय में इस स्टेशन पर प्रगति पर हैं ए इन समस्त विकास कार्यों सहित संरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए आज दिनांक 10.03.23 को प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक, उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली, मनोज कृष्ण अखौरी का अपने निरीक्षण कार्यक्रम के तहत वाराणसी जं.(कैंट) स्टेशन पर आगमन हुआ। उन्होंने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी,निर्माण–प्प, श्री नरेन्द्र कुमार एवं मण्डल रेल प्रबंधक, लखनऊ ,श्री सुरेश कुमार सपरा एवं मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ वाराणसी जं. स्टेशन के विकास कार्यों का जायजा लिया और स्टेशन की यार्ड री दृमॉडलिंग की प्रगति का कार्य सहित अन्य प्रगतिशील कार्यों का अवलोकन करते हुए इनकी जानकारी प्राप्त की एवं इन समस्त कार्यों की समीक्षा करते हुए इस सम्बन्ध में अपने आवश्यक सुझाव एवं दिशा–निर्देश पारित किये। प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक ने वाराणसी जं. स्टेशन पर पहुंचकर स्टेशन पर वर्तमान समय में चल रहे समस्त विकास कार्यों से अवगत होते हुए तथा अधिकारियों से विचार–विमर्श करते हुए इन कार्यों को निर्धारित

समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ सम्पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने वाराणसी जं. स्टेशन के लोहता छोर एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय छोर पर प्रगतिशील यार्ड री–मॉडलिंग का कार्य ,नए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य, लेवल क्रॉसिंग संख्या 04 पर निर्मित होने वाले रेल ओवर ब्रिज हेतु स्थापित गर्डर का कार्य एवं गाड़ियों के संरक्षित एवं सुरक्षित रेल परिचालन की व्यवस्थाओं तथा रेलवे ट्रैक को गहनता से परखा। उन्होंने संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए संरक्षा संबंधी समस्त निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करते हुए परिचालन की बात को प्रमुखता से कहा तथा समस्त रेलकर्मियों का आवाहन करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपनी बहुआयामी छवि के साथ सतर्क एवं जागरूक रहकर नियमबद्ध कार्यप्रणाली का अनुसरण करने की प्रतिबद्धता की बात कही। प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के इस निरीक्षण से पूर्व मंडल रेल प्रबंधक, सुरेश कुमार सपरा ने भी यात्री सुविधा सम्बन्धी खानपान के स्टाल , यात्री सुविधाओं के नवीनीकरण की दिशा में किये जा रहे प्रयासों ,रेल कोच रेस्टोरेंट, यात्री प्रतीक्षालय एवं विश्रामालय सहित स्टेशन पर विकासशील समस्त रेल कार्यों तथा परियोजनाओं का विधिवत निरीक्षण किया तथा समस्त कार्यों की प्रगति से अवगत होते हुए टिकट जांच के कार्य का भी अवलोकन किया तथा उन्होंने स्टेशन एवं परिसर में आदर्श वातावरण स्थापित करते हुए कार्य करने की बात कही। इस निरीक्षण कार्यक्रम में निरीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों सहित अन्य रेलकर्मी भी उपस्थित रहे।

पंजाब नैशनल बैंक और मेसर्स डीसीएम श्रीराम लिमिटेड ने साइन किया समझौता ज्ञापन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पीएनबी के लखनऊ स्थित अंचल कार्यालय में पंजाब नैशनल बैंक और मेसर्स डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। उक्त ज्ञापन पर पीएनबी लखनऊ अंचल प्रमुख श्री संजय गुप्ता और श्रीराम शुगर बिजनेस के कार्यकारी निदेशक रोशन लाल तामक ने हस्ताक्षर किए। इस ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य सीतापुर मंडल के अंतर्गत डीसीएम श्रीराम की चीनी इकाइयों को गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस समझौता ज्ञापन के तहत बैंक के कृषि पोर्टफोलियो में बढ़ोतरी मिलेगी, वितीय सामावेशन को बढ़ावा

मिलेगा तथा किसानों को समय पर गन्ना की खेती करने हेतु बैंक से सही समय पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

ट्रैफिक जाम पर लखनऊ व्यापार मंडल के ज्ञापन पर आम सहमति बनी –अमर नाथ मिश्र

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। वाणिज्य बंधु की बैठक में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अब्दुल कलाम हाल कलेक्ट्रेट लखनऊ में सम्पन्न हुई। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमर नाथ मिश्र ने बताया कि अध्यासषी कानून की माँग बहुत दिन से थी जिस पर आज सहमति बनी जिसके अंतर्गत कोई भी किराएदार यदि अपना हाउस टैक्स जमा स्वयं करना चाहता है तो वह अपने दुकान के क्षेत्रफल के हिसाब से अपना टैक्स नगर निगम में जमा कर सकता है स्व। एवं नगर निगम की समस्याओं के लिए व्यापारियों की बैठक विभाग में अलग से होगी उसकी समरी व्यापार बंधु की बैठक में मंगाई जाएंगी इससे समस्या का जल्द से जल्द निस्तारित होगा। ट्रैफिक जाम पर लखनऊ व्यापार मंडल के ज्ञापन पर आम सहमति बनी। ळैज् की समस्या को जिलाधिकारी के माध्यम से वित् मंत्री को भेजने की सहमति बनी है। अतिक्रमण जैसी समस्यसा पर सभी व्यापारियों से वीडियो बनाकर लाने को कहा जिसेप्रोजेक्टर के माध्यम से चलाया जाएगा सम्बंधित अधिकारी से जवाब माँगा जा सके। सभी व्यापारियों ने धन्यवाद दिया। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा महामंत्री विनोद अग्रवाल अनुराग मिश्रा उमेश शर्मा कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता युवा अध्यक्ष मनीष गुप्ता उपाध्यक्ष सुमित गुप्ता प्रमोद अवस्थी आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे,लखनऊ मंडल के 41 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त : समापक प्रपत्र प्रदान करते हुए किया गया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अपनी रेलसेवा का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए दिनांक 28 फरवरी 2023 को उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के 41 रेल कर्मचारी अपनी रेल सेवा से निवृत्त हुए। इन समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आज दिनांक 10.03.23 को मंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह के अंतर्गत प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मचारी कोसमापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया, जिसका भुगतान कर्मी के नामांकित बैंक खाते में सीधे त्ज्ळै के माध्यम से भेजा जायेगा एवं कर्मचारी के खाते में स्वतः क्रेडिट हो जायेगा। इन कर्मचारियों को कुल रु० 12,25,35,049/– का भुगतान किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक, अश्वनी श्रीवास्तव द्वारा प्रत्येक सेवानिवृत कर्मचारी को गोल्ड कोटेड चांदी का पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस

आयोजन के तहत सर्वप्रथम वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, श्री अमित पाण्डेय ने समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों का स्वागत किया तथा उनकी रेल सेवाओं हेतु सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक ने सेवानिवृत्त होने वाले समस्त कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की।

मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ संजय कुमार निषाद ने निदेशालय का किया औचक निरीक्षण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ संजय कुमार निषाद आज सुबह करीब 09:15 बजे अपने सरकारी आवास 01 विक्रमादित्य मार्ग से स्वयं गाड़ी चलाकर बिना किसी प्रोटोकॉल के मत्स्य निदेशालय के औचक निरीक्षण पर पहुँचे। श्री निषाद द्वारा किये गए औचक निरीक्षण के दौरान निदेशालय में एक दो कर्मचारियों के साथ केवल सफाईकर्मी मौजूद थे। श्री निषाद ने एक एक कर सभी विभागीय कक्षों में जाकर देखा कि विभागीय अधिकारियों द्वारा समय पूर्ण होने पर भी लापरवाही की जा रही है। श्री निषाद ने निदेशालय के खस्ताहाल स्थिति पर भी रोष व्यक्त करते हुए कहा कि शायद ही प्रदेश सरकार में कोई विभाग का निदेशालय इतना जर्जर और खस्ताहाल होगा। उन्होंने तत्काल कुछ देर बाद मौके पर पहुँचे उपनिदेशक मत्स्य(मुख्यालय) को निदेशालय के खस्ताहाल की रिपोर्ट तैयार

कर एक हफ्ते के भीतर पेश करने का आदेश भी दिया। श्री निषाद जी ने ।ैमत्स्य रजनीश दुबे फोन पर वार्ता कर औचक निरीक्षण पर पाई गई खामियों की वृस्तृत रिपोर्ट मांगी साथ ही अनुपस्थिति सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक कार्रवाही के साथ '''क्यों ना आपका वेतन काट लिया जाए?''' कारण बताओ नोटिस अथवा स्पष्टीकरण के साथ कड़ी कार्रवाही के भी निर्देश दिये।

डीएम व एसपी द्वारा थाना जफराबाद में थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी अनुज कुमार झा और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा के द्वारा थाना जफराबाद में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी कानूनगो और लेखपालों को अवैध कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए हैं और निर्देशित किया कि थाना दिवस पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण संवेदना पूर्वक और गुणवत्तापूर्ण शतप्रतिशत निस्तारण शीघ्र करे। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों में पुलिस की टीम के द्वारा अकेले जांच की गई थी उन शिकायतों को राजस्व की टीम भी भेजकर निस्तारण कराया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा थाना समाधान दिवस रजिस्टर का भी अवलोकन किया गया जिसमें उन्होंने पाया कि टीम के द्वारा प्राप्त शिकायतों का सही प्रकार से निस्तारण किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी गरीब, असहाय के पट्टे तथा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा न होने दें और अवैध रूप से कब्जा करने तथा प्रताड़ित करने वाले भूमाफियों के खिलाफ एंटी भूमाफिया एक्ट के अन्तर्गत एफआईआर दर्ज करते हुए कार्यवाई करें।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समारोह का आयोजन रामलीला मैदान मड़ियाहूं में संपन्न

जौनपुर सू.वि. : समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समारोह का आयोजन रामलीला मैदान, मड़ियाहूं में किया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में माननीय सांसद मछलीशहर बी.पी सरोज, मा० विधायक मड़ियाहूं डॉ.आर.के पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और जिलाधिकारी अनुज कुमार झा, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी शशि शेखर सिंह के द्वारा बताया गया कि सामूहिक विवाह समारोह में कुल लगभग 251 जोड़ों का वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान से विवाह संपन्न कराया गया जिनमें से 03 मुस्लिम जोड़ों का निकाह भी सम्पन्न कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा यह कि शासन की बड़ी ही महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें गरीब बेटे – बेटियों का घर बसाया जा रहा है, उन्होंने कहा कि बड़े सौभाग्य की बात है की शादी में सांसद, विधायक एवं अधिकारीगण सम्मिलित हो रहे हैं और वर वधू को आशीर्वाद दे रहे है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी नवविवाहित जोड़ों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इच्छुक पात्र व्यक्ति अपना रजिस्ट्रेशन कराकर अगले सामूहिक विवाह समारोह में लाभ ले सकते है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं लाल बहादुर, पी.डी जयकेश त्रिपाठी, जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी मड़ियाहूं सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) थाना क्षेत्र के शाहाबाद –पाली रोड पर शुक्रवार को देर शाम परेली के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में मृतक के शव को कब्जे में ले लिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम परेली निवासी शशिकांत पुत्र धर्मपाल किसी काम से पड़ोसी गाँव पहाड़पुर अपनी बाइक से गया था। रात्रि में अपने घर लौटते समय परेली गाँव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर लगने से युवक अपनी बाइक से उछलकर सिर के बल सड़क पर जा गिरा जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। जानकारी मिलते ही परिजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंच गये। मृतक के पिता धर्मपाल ने बताया कि चार भाइयों में शशिकांत सबसे बड़ा था।अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

रामचरितमानस की चौपाई को तोड़ मरोड़ कर शौचालय की दीवारों पर लिखा : आक्रोश

रायबरेली ब्यूरो : सनातन संस्कृति की धरोहर रामचरितमानस की चौपाई को तोड़ मरोड़ कर शौचालयों पर लिखने का एक मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर सनातन धर्मावलंबी व ब्राह्मण समाज के लोग आक्रोशित हैं। जगतपुर ब्लॉक क्षेत्र के बेहीखोर निवासी वीरेंद्र कुमार यादव तथा कथित डॉ. पुरिखा के द्वारा दरवाजे पर बने शौचालय पर रामचरितमानस की चौपाई को तोड़ मरोड़ कर कुछ इस प्रकार से लिखा गया है। ढोल ब्राम्हण पंडा पुजारी। सकल ताड़ना के अधिकारी।। ब्राह्मण को दान, मंदिर को अनुदान, मनुवादी को मतदान बंद करो बंद करो। नीचे वीरेंद्र कुमार यादव शूद्र बेहीखोर लिखा हुआ है। शौचालय पर लिखी तथ्य चौपाई का फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसको लेकर सनातन धर्मी को मानने वालों में नाराजगी है। 2000 आबादी वाले बेहीखोर गांव में शौचालय तो 200 से ज्यादा बने हैं लेकिन इसमें से 3–4 शौचालयों में ऐसा लिखा हुआ है। मामले पर अनिल बाजपेई, मनोज अग्निहोत्री, राजन शुक्ला, गौरव द्विवेदी, सचिन तिवारी, पंकज मिश्रा, शिवम तिवारी, आदित्य तिवारी का

कहना है कि इस पर प्रशासन की ओर से दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे समाज में आपसी भाईचारा का माहौल बिगड़ रहा है। यह समाज के लिए घातक है। रामचरितमानस की चौपाई को बदलने का किसी को कोई अधिकार नहीं है। यह सनातन धर्म ग्रंथ का अपमान है। मामले में दरोगा आयुश वत्स की तहरीर पर गांव निवासी बीरेंद कुमार यादव, डा. पुरिखा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

रविवार को सीएम योगी करेंगे अंकुर उद्योग के इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का उद्घाटन

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : छह साल पहले तक जिस गीडा में निवेश करने से निवेशक कतराते थे, बदले माहौल में वहां हैवी इंडस्ट्री लगने लगी है। रविवार को एक नई और अत्याधुनिक हैवी इंडस्ट्री औपचारिक रूप से उद्घाटित हो जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रतिष्ठित उद्योग समूह मेसर्स अंकुर उद्योग लिमिटेड के इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का उदघाटन करेंगे। गीडा की तरफ से एएल–2 सेक्टर 23 में आवंटित 82 एकड़ क्षेत्रफल में फैले और 550 करोड़ रुपये के निवेश वाले इस प्लांट में टीएमएक्स (थरमैक्स पॉवर्ड) सरिया का उत्पादन शुरू हो चुका है। जबकि इसमें 30 मेगावाट का कैप्टिव पॉवर प्लांट भी अंतर्निहित है। प्लांट के क्रियाशील होने से दो हजार लोगों को प्रत्यक्ष और पांच हजार लोगों को परोक्ष रोजगार मिला है। प्लांट का सफलतापूर्वक संचालन करने के साथ ही अंकुर उद्योग लिमिटेड ने इसके विस्तार के लिए 700 करोड़ रुपये के निवेश का एमओयू ग्लोबल भी इन्वेस्टर्स समिट में किया है। इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट की उत्पादन क्षमता तीन लाख टन प्रति वर्ष की है। प्लांट की स्थापना का कार्य 2020 में शुरू हुआ था। प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीति 2020 के अंतर्गत मेगा प्लस श्रेणी की इस परियोजना की डिजाइनिंग देश के अग्रणी स्टील इंडस्ट्री सलाहकार और तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा की गई है। इसकी स्थापना में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है। अंकुर उद्योग लिमिटेड ने डेढ़ किमी ट्रैक की लंबाई में प्राइवेट रेलवे साइडिंग विकसित किया है। देश के विभिन्न क्षेत्रों से कच्चा माल मंगाने के लिए फैक्ट्री परिसर में 700 मीटर की लंबाई में अनलोडिंग प्लेटफार्म भी बनाया गया है। यहां टीएमएक्स बार का उत्पादन हो रहा है जो टीएमटी का बदला हुआ और बेहतर रूप है। अंकुर उद्योग समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अशोक जालान का कहना है कि फैक्ट्री संचालन के लिए ऊर्जा की सम्पूर्ण जरूरत यहीं के कैप्टिव पॉवर प्लांट से पूरी हो रही है। खास बात यह है कि ऊर्जा उत्पादन का 65 फीसद हिस्सा फैक्ट्री के ही 'वेस्ट' से ही मिल रहा है। अल्ट्रा मॉडर्न स्टेट ऑफ आर्ट प्रौद्योगिकी से यहां टीएमएक्स रिबार्स का निर्माण किया जा रहा है। इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट में स्पंज आयरन प्लांट की क्षमता 212500 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष, स्टील मेल्ट शॉपध इंडक्शन फर्नेस की क्षमता 300300 मीट्रिक टन तथा सरिया रोलिंग मिल की क्षमता 291300 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है। अशोक जालान का मानना है कि योगी सरकार ने निवेशकों की सुरक्षा, प्रोत्साहन सुविधा व सहूलियत के लिए कारगर कदम उठाए हैं। उसका परिणाम भी धरातल पर नजर आ रहा है। एक दौर तक सिर्फ एमसीआर में निवेश होते थे, सरकार की इन्वेस्टर्स फ्रेंडली नीतियों से आज हर जिले में निवेश हो रहा है। गीडा में दिखेगी भारी उद्योगों की लंबी श्रृंखला गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पवन अग्रवाल कहते हैं कि शासन की उद्योग मित्रवत नीतियों व पारदर्शी व्यवस्था से उद्यमियों को काफी प्रोत्साहन मिला है। गीडा में गैलेंट समूह ने स्टील प्लांट के सीमेंट प्लांट भी संचालित किया है तो अब अंकुर उद्योग समूह ने इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का संचालन शुरू किया है। अंकुर उद्योग समूह ने जीआईएस में 700 करोड़ रुपये से उद्योग विस्तार का भी प्रस्ताव दिया है। जीआईएस में हैवी इंडस्ट्री के काफी प्रस्ताव मिले हैं। आने वाले समय में गीडा में भारी उद्योगों की लंबी श्रृंखला दिखेगी।

आज भी भारत गांवों में बसता है –परिणीता एस कुमारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद हमेशा से सुर्खियों में रहा है लेकिन जनपद का माधोपट्टी गांव देश विदेश में जाना जाता है जनपद का यह गांव ऐसा है जहां लगभग हर घर में आईएस,पीसीएस अफसर है। एक ही गांव से 47 आईएएस अफसरों के नाम से यह गांव जाना जाता है जनपद के प्रथम आईएएस अफसर के रूप में माधोपट्टी गांव के विनय कुमार सिंह ने जनपद का नाम रोशन किया तो मानो इस गांव में आईएएस और पीसीएस अफसरों की कतार सी लग गई ।इसी कड़ी में एक नाम और जुड़ गया जो समाज सेवा के लिए तत्पर दिखाई दे रही हैं। आईएएस अफसर स्वर्गीय विनय कुमार सिंह की बेटी साथ ही तिलकधारी सिंह महाविद्यालय में प्रवक्ता रहे स्व सजल सिंह की भतीजी परिणीता एस कुमारी का झुकाव अपने गृह जनपद की तरफ हुआ है। कुछ दिनों पहले और परिणीता कुमारी जनपद जौनपुर आई तो भ्रमण के दौरान उन्हें काफी कुछ देखने को मिला जिससे सुधार करते हुए उन्होंने लोगों को मदद भी किया इस वर्ष होली के अवसर पर उन्होंने अपने जनपद वासियों गांव वासियों को एक और तोहफा देते हुए रंगारंग होली मिलन कार्यक्रम आयोजित यह जिसमें जनपद के तमाम अधिकारी व प्रदेश के तमाम नामचीन लोग शिरकत करेंगे। परिणीता कुमारी का कहना

है कि आज से लोगों का गांव से मोहभंग हो गया है ऐसे में मेरा प्रयास है कि लोग एक बार फिर से जो लोग अपने गांव की मिट्टी से दूर हो गए है वह फिर से एक बार गांव की तरफ लौटे और गांव में कुछ नया करें जैसा कि आए दिन देश के प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश की योगी सरकार ग्रामीणों को उत्साह के लिए तमाम तरह के प्रयास कर रही है जिससे मैं खुद प्रभावित हूं और चाहती हूं कि लोग अपने गांव की तरफ रुख करें गांव में कुछ अच्छा करें आज भी भारत गांवों में बसता है युवाओं को अपने गांव के प्रति जागरूक होना चाहिए लोगों को गांव से जुड़े आना चाहिए इन्हीं सब उद्देश्यों को लेकर यह होली कार्यक्रम आयोजित किया गया है। गांव के लोग भी इस होली कार्यक्रम में पहुंचे और देखें कि जो कुछ सुविधाएं बाहर है वह अपने जनपद जौनपुर में भी उपलब्ध है।

संदिग्ध परिस्थिति में आइस्क्रीम व्यावसायिक की मौत

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जेठपुरा गांव में बृहस्पतिवार को संदिग्ध परिस्थिति में एक 27 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई आनन–फानन में स्वजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार जेठपुरा गांव के निवासी सागर यादव का 27 वर्षीय पुत्र मोनू यादव जीविकोपार्जन के लिए आइसक्रीम विक्रेता का कार्यकर्ता का बुधवार शाम किसी बात को लेकर परिजनों में कहासुनी हो गई थी जिसके बाद मोनू घर से लापता हो गया बृहस्पतिवार सुबह जब गांव के लोग टहलने के लिए गए तो देखें घर से करीब ढाई सौ मीटर दूर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था पूछताछ करने के बाद पता चला कि व्यक्ति की पहचान सागर यादव का पुत्र मोनू यादव के रूप में हुई उधर स्वजनों ने आनन–फानन में बिना पुलिस को सूचित किए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

भूमि विवाद को लेकर दो पक्षो में हुई मारपीट : दो घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एकौना गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चले। जिसमे दोनों पक्षों से दो लोग घायल हो गए। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एकौना गांव के निवासी विजय शंकर व केदार में पुराना भूमि विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवादित जमीन पर शुक्रवार की देर रात में केदार द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। जिसे विजय शंकर ने मौके पर पहुचकर रोक दिया। इसी दौरान दोनों पक्षों में गाली– गलौज शुरू हो गया। गाली– गलौज देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गया। दोनों पक्षों से लाठी डंडे चलने लगे। इसी बीच किसी ने मारपीट की सूचना पुलिस को दे दिया। इस मारपीट से दोनों पक्षों से दो लोग घायल हो गए। मौके पर पहुची पुलिस ने दोनो घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। इस मामले में पूछे जाने पर थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर देवानंद रजक ने बताया कि तहरीर दिए जाने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

अस्पतालों बढ़े सर्दी–खांसी व उल्टी– दस्त के मरीज : बच्चों की संख्या ज्यादा

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार ।मिल्कीपुर–अयोध्या। मौसम में बदलाव हो रहा है, जिसका असर अब लोगों की सेहत पर भी पड़ने लगा है । सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज की ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या में भी काफी इजाफा हुआ है । वायरल फीवर, सर्दी–खांसी और उल्टी दस्त के मरीज ज्यादा पहुंच रहे है । इन मरीजों में सबसे ज्यादा संख्या बच्चों की है। नवसृजित नगर पंचायत कुमारगंज अंतर्गत पिठला स्थित सौ शैय्या अस्पताल में इन दिनों 300 से 500 लोगों की ओपीडी हो रही है, जिसमें 100 से 120 की संख्या में बच्चे आ रहे है, जिसमें सबसे ज्यादा बच्चे सर्दी–खांसी, उल्टी दस्त और पेट दर्द की शिकायत लेकर आ रहे है । बड़े लोगों में भी फीवर और सर्दी–खांसी की शिकायत ज्यादा देखी जा रही है। नगर पंचायत कुमारगंज के प्रांजल 4 वर्ष, प्रज्ञा 7 वर्ष, व बिहारा निवासी आर्यन 6 वर्ष, दिव्यांशी 5 वर्ष, आशुतोष डेढ वर्ष को उल्टी दस्त बढ़ता देख परिजनों ने अस्पताल उपचार के लिए ले आए जहां पर डॉक्टरों ने तबीयत खराब देख भर्ती कर लिया है और उपचार चल रहा है। अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ गनेश ने बताया कि मौसम कभी ठंडा हो रहा है तो कभी एक दम से गर्म हो जाता है, जिसके प्रभाव से बच्चे बीमार हो रहे है ।बच्चों में सर्दी–खांसी, उल्टी दस्त और पेट दर्द की शिकायत ज्यादा है । उल्टी दस्त से पीड़ित जो बच्चें आते हैं उनकी हालत ज्यादा खराब देखने पर उनको भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। 2 दिन के भीतर आधा दर्जन बच्चे उल्टी दस्त से पीड़ित अस्पताल में आए हैं। डॉ गनेश ने बताया कि इस समय उल्टी दस्त बुखार से पीड़ित ज्यादा बच्चे आ रहे हैं नियमित इलाज से वे जल्दी रिकवर भी हो रहे है । इस मौसम में बच्चों का ध्यान रखने की ज्यादा जरूरत है। बच्चों को बाहर की खाद्य सामग्री के सेवन करने से रोकना जरुरी है । घर में भोजन को ढक कर रखें पानी को गर्म कर ले उसके बाद ठंड होने पर ही पिए इसके साथ साफ–सफाई पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

सीवर लाइन व एसटीपी के कार्यों की समीक्षा बैठक कर राज्य मंत्री नें लगाई कड़ी फटकार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव जी ने सर्किट हाउस पर जिलाधिकारी जौनपुर अनूज झा की उपस्थिति में जल निगम के अधिकारियों व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद के साथ नगर में चल रहे सीवर लाइन व एसटीपी के कार्यों की समीक्षा बैठक कर कड़ी फटकार लगाई। राज्य मंत्री ने कहा की जहां–जहां सिवर लाइन व एसटीपी के किशी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी । कार्यो में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए , जहाँ जहाँ सीवर पड़ गए वहां की सड़कों को ठीक कराई जाए , जिससे नगर वाशियो लाभ मिल सके।

सीवर लाइन डालते समय कभी कभी नगर पालिका पाइप टूट जाती है जिससे पानी की सप्लाई में दिक्कत आ जाती है। इस पर विशेष ध्यान रखा जाए जहाँ भी ऐसा होता हैं वहाँ पानी की सप्लाई को शीघ्र ठीक कराया जाय ।

जनसेवा की भावना को आत्मसात करें शिविरार्थी –दयाशंकर सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के मां दुर्गा गर्ल्स डिग्री कॉलेज मूर्खा में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए प्रबंधक दयाशंकर सिंह ने कहा कि शिविरार्थियों को समाज के प्रति अपने दायित्वों का एहसास होना चाहिए ।जीवन में जनसेवा की भावना को आत्मसात करना चाहिए ।प्राचार्य डॉ. अशोक राय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिविरार्थियों ने आस पास गांवों के मलीन बस्तियों में जाकर साफ सफाई की तथा स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक किया ।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संदीप सोनकर, डॉ.गोविंद यादव, डॉ. मयंक सिंह, प्रीति सिंह,शालिनी यादव,उमाशंकर सिंह सहित अन्य लोग थे।

भगवान राम पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय बाजार थाना क्षेत्र के नेवढ़िया गांव में एक तेरही में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भगवान श्री रामचंद्र जी के ऊपर अमर्यादित टिप्पणी और उनको गाली दिए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर पिछले कई दिनों से वायरल हो रहा था । जिसका संज्ञान लेते हुए अपराध निरोधक कमेटी तेजी बाजार में तेजी बाजार थाने पर आयोजन कर्ता के घर पर भगवान राम के खिलाफ हुई अमर्यादित टिप्पणी की शिकायत की थी । वीडियो को संज्ञान में लेते हुए थाना अध्यक्ष तेजी बाजार संतोष कुमार पाठक ने मुकदमा दर्ज कर लिया और विवेचना शुरू कर दी है विदित हो कि भगवान राम के खिलाफ टिप्पणी को लेकर आमजन में काफी नाराजगी देखी जा रही थी हिंदू समाज बहुत ही नाराज था थानाध्यक्ष तेजी बाजार संतोष कुमार पाठक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

नौ दिवसीय श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारियां तेज : कार्यक्रमों को लेकर प्रभारियों ने किया मंथन

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। रामनगरी में होने वाले नौ दिवसीय श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी संबंध में शुक्रवार को श्रीराम जन्म महोत्सव समिति की बैठक तीन कलश तिवारी मंदिर में संपन्न हुई। इस दौरान नौ दिन तक चलने वाले विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने के लिए कार्यक्रम प्रभारियों ने मंथन किया। बैठक का मार्गदर्शन समिति के संरक्षक गोपाल ने किया। महंत गिरीश त्रिपाठी ने कहा समाज की एकता और समरसता के लिये हम सभी संकल्पबद्ध है। प्रभु ने जिस मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी उसी का हम सभी अनुसरण कर रहे हैं। शरद शर्मा ने बताया कि भारतीय नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर मतगजेंद्र से संत धर्माचार्यों के मार्गदर्शन में रामकोट की परिक्रमा, इससे पूर्व युवा शक्ति द्वारा साइकिल रैली निकाली जाएगी। उसके उपरांत प्रत्येक दिवस धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन होंगे। नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर निकलने वाली परिक्रमा को लेकर संत धर्माचार्यों की 15 मार्च को एक आवश्यक बैठक भी आयोजित की गयी है।बैठक में योगगुरु डॉक्टर चौतन्य, कवि अशोक टाटंबरी, संत एनवी दास, संस्कार भारती के हरीश श्रीवास्तव, विहिप के विभाग मंत्री धीरेश्वर, महानगर अध्यक्ष कौशिक प्रमाणिक, डॉ. रवि तिवारी, डॉ. उपेंद्र मणि, चंद्रशेखर, विवेक पांडेय, डॉ. सुधाकर, सीमा आदि उपस्थित रहे।

बच्चे राष्ट्र के भविष्य हैं – विधायक रमेश चंद्र मिश्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि शिक्षा का विस्तृत क्षेत्र होता है। उसके स्तर को ऊंचा करके ही हम समाज, क्षेत्र तथा राष्ट्र का स्तर ऊंचा कर सकते हैं। वह शुक्रवार को देर सायं कस्बे के घनश्यामपुर रोड पर स्थित प्ले ग्रुप स्कूल मिनियंस क्रैडल टू क्रेयान विद्यालय के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्ले ग्रुप के बच्चों को पढ़ाना बहुत ही टेढ़ी खीर है। फिर भी कुम्हार के कच्चे घड़े की तरह गुरुजन उन्हें तरास कर योग्य बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखते हैं। विधायक मिश्र ने कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान होता है हमारी शिक्षा संस्कार और चरित्र पर आधारित होनी चाहिए इसके लिए समाज में हर शिक्षक हर अभिभावक प्रतिबद्ध हों! उन्होंने अच्छे स्वास्थ्य के लिए सभी से खाने में मोटा अनाज का प्रयोग करने की अपील किया। फसलों में रासायनिक उर्वरक कीटनाशक दवाओं का प्रयोग न करने के साथ ही उन्होंने प्रदूषण मुक्त समाज बनाने के लिए प्लास्टिक के सामानों का प्रयोग नहीं करने की लोगों को शपथ दिलाई। समारोह को विशिष्ट अतिथि पीजीआई के चिकित्सक डॉक्टर अंकुर यादव, न्यूरो के चिकित्सक डॉ हरीनाथ यादव, ऑर्थो के चिकित्सक डॉ नितिन यादव, चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर विकास सिंह, डॉ अजीत सिंह ,पूर्व मंत्री संगीता यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी, आदि लोगों ने भी संबोधित किया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक मिश्र को प्रबंध समिति के लोगों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता रिटायर्ड शिक्षक एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सत्यदेव सिंह तथा संचालन प्रबंधक अनिल यादव ने किया। इस मौके पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष उमेश चंद्र मिश्र ,मंत्री राय साहब यादव, प्रमोद यादव, वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, प्रकाश चंद्र शुक्ल, राज भारत मिश्र, शशिधर तिवारी आदि लोग मौजूद थे। आगंतुकों के प्रति आभार शशि यादव ने व्यक्त किया

इंटरफेस कार्यक्रम में जाना आम आदमी की समस्याएं : बताया आजीविका का साधन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिकरारा के पकड़ी स्थित ब्लॉक मुख्यालय पर शनिवार को बीडीओ शरद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सदभावना एकता मंच व एक्शन एड लखनऊ द्वारा संचालित सरकारी अधिकारियों के साथ इंटरफेस कार्यक्रम का अयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के दो दर्जन गांवों के अति वंचित समुदाय से 130 महिला पुरुषों ने सहभाग किया। समुदाए के लोगो ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखी जिसमे महिलाओ को मनरेगा में काम न मिलना ,मनरेगा में काम के दिनों की संख्या और मजदूरी न बढाना, किए गए कार्यो की मजदूरी समय से भुगतान न होना प्रमुख रही। इसके अलावा पेंशन पात्रों को पेंशन न मिलना तथा मंहगाई को देखते हुए पेंशन की धनराशि में बढ़ोत्तरी की मांग करते हुए लोगो ने आवास शौचालय से वंचित होने की शिकायत की ।एक्शन एड फेलो बीनू सिंह ने कार्य क्रम में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज महिलाओं की आजीविका चलाने की सबसे बड़ी समस्या है। आजीविका के साधन पर चर्चा करते हुए उन्होंने आचार, पापड़, जैम,जैली , मुरब्बा, मोती माला, अगरबत्ती मोमबत्ती बनाने तथा पशुपालन, मशरूम उत्पादन आदि की सम्यक जाननकरी दी। कार्यक्रम में एडीओ आइएसबी अमलेश चौबे,ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप शंकर श्रीवास्तव, बृजेश यादव, स्कंद सिंह, मनोज कुमार यादव , अमलेश चौबे ने नियोजन का प्लान तैयार किया। इस मौके पर राजकुमारी ,शीला ,चांदनी , दिव्या ,नीतू आदि सक्रिय रहीं।

आए 4 प्रार्थना पत्र में 1 का हुआ निस्तारण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली में क्षेत्राधिकारी अतर सिंह के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस में कुल 4 प्रार्थना पत्र पड़े। जिसमें से 1 का निस्तारण मौके पर किया गया । राजस्व से संबंधित की प्रार्थना पत्रों की संख्या अधिक थी। समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार, उपनिरीक्षक अखिलेश यादव, हेड कांस्टेबल धनंजय पाठक, संदीप यादव समेत लेखपाल और कानूनगो मौजूद रहे।

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक संपन्न : सरकार की योजनाओं को घर–घर जाकर बताएं – प्रदेश अध्यक्ष

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के रोहनिया स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में शनिवार को अनुसूचित जनजाति मोर्चा की दो दिवसीय बैठक का शुभारंभ हुआ। बैठक में नगर निकाय चुनाव और मिशन 2024 को लेकर मंथन हुआ। प्रदेश स्तरीय आयोजन के पहले दिन बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि अनुसूचित जनजाति को आगे बढ़ाने के लिए हर स्तर पर काम हो रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य सहित तमाम योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव व लोकसभा चुनाव को लेकर अनुसूचित जनजाति मोर्चा संगठन के लोग अभी से जुट जाएं। अपने बूथ और सेक्टर को मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत रहें। सरकार की योजनाओं के विषय में घर–घर जाकर बताएं। घर–घर जाकर लोगों से मिलकर संगठन को मजबूत बनाएं। आदिवासी समाज के उत्थान के लिए सरकार प्रयासरत भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि हमारी विचारधारा देश की संस्कृति और परंपरा को लेकर आगे बढ़ने की है। सरकार बनाने में सभी का योगदान है। हम सभी को साथ लेकर चलेंगे। देश समाज के लिए आदिवासियों ने महत्वपूर्ण योगदान किया है। आदिवासी समाज के उत्थान के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। इस दौरान अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय गौड़ खरगोन, सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, विधायक टी राम, क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव सहित तमाम कई लोग मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बोले– पूर्व

की सरकारों ने नहीं की हमारी चिंता अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि देश का सपना पूरा करने के लिए हमारी सरकार रात दिन काम कर रही है। यूपी के मुख्यमंत्री प्रदेश का तीव्र गति से विकास कर रहे हैं। पूर्व की सरकारों में अनुसूचित जनजाति के विकास को लेकर तमाम दावे किए गए मगर धरातल पर कुछ भी नहीं हुआ। पहले की सरकारों ने हमारी जनजाति के विकास के लिए कोई चिंता नहीं की। उन लोगों ने सिर्फ अपनी चिंता की। इसी का परिणाम है कि आज भी जनजाति समूह का समुचित विकास नहीं हो सका। वर्तमान सरकार हमारे समाज के विकास के लिए दिन–रात काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुसूचित जनजाति को जोड़ने के लिए तमाम विकास कार्यों को चलाया। आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए उनके विकास की योजनाओं पर बल दिया। संगठन की दृष्टि से हमारी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। जनजाति समाज के लोग संकल्प के साथ आगे बढ़ें। हमें गांव को भी आगे बढ़ाना है। अपनी परंपराओं को भी आगे बढ़ाना है।

स्वच्छता हम सबकी नैसर्गिक जरूरत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री बजरंग स्नातकोत्तर महाविद्यालय घनश्यामपुर के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन शनिवार को शिवरार्थियों ने प्राथमिक विद्यालय बड़ेरी में साफ सफाई किया । स्वयंसेवकों ने गांव में छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य व शिक्षा संबंधी तथ्यों से अवगत कराते हुए ग्राम वासियों को जागरूक किया। शिवरार्थियों ने ग्राम वासियों को जागरूक करते हुए कहा कि स्वच्छता हम सबकी नैसर्गिक आवश्यकता है! स्वच्छता से ही स्वस्थ समाज की स्थापना की जा सकती है। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय बड़ेरी के प्रधानाध्यापक सुभाष यादव , हरेंद्र प्रताप सिंह , गीता मिश्रा ,अजय यादव ,बृज केशर यादव तथा कार्यक्रम अधिकारी विरेंद्र, दीपक ,कैलाश, सुशील आदि लोग मौजूद थे।

होमगार्ड ने सिपाही पर मारने पीटने व अभद्रता करने का लगाया आरोप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर थाना में कार्यरत होमगार्ड केशव प्रसाद ने सिपाही पर मारने पीटने,बदलसूकी करने व भद्दी भद्दी जाति सूचक गाली देने का आरोप लगाया है। जब इसकी जानकारी अन्य होमगार्डों को हुई वे भी अपने साथी के पक्ष में लामबंद हो गए। पीड़ित होमगार्ड सहित एक दर्जन से अधिक होमगार्डों ने पुलिस अधीक्षक को शनिवार को हस्ताक्षर युक्त पत्रक देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित होमगार्ड केशव प्रसाद ने शिकायती पत्र में लिखा है कि बीते गुरुवार को बैरक में सिपाही को बुलाने के लिए गया था। इसी दौरान नशे में धुत्त सिपाही ने मुझे जाति सूचक गाली देते हुए मारने पीटने लगे। इस संबंध में जब मैंने थाना प्रभारी से शिकायत की तो वे भी लीपापोती करने लगे। आरोप है कि मेरी बात सुनने के बजाय वह मेरे ऊपर मुकदमा करने की बात करने लगे ।इसी बात को लेकर आक्रोशित होमगार्डों ने एसपी व क्षेत्राधिकारी को सिपाही के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पत्रक दिया है। पीड़ित होमगार्ड ने बताया है कि इस संबंध में सांसद बी पी सरोज को भी शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने बताया है कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। पत्रक देने वालों में मुख्य रूप से राम लाल शर्मा,गंगा प्रसाद सिंह,संतोष कुमार शुक्ला,जोखन राम,नन्द लाल,अमर प्रताप सिंह,कुँवर प्रताप,देवेन्दु प्रताप,विपिन कुमार,श्याम सुन्दर पटेल,आशीष कुमार सिंह व विनोद गुप्ता आदि होमगार्ड रहे।

सडक दुर्घटना में दो युवक घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के दादर पुल स्थिति सेंट थामस रोड पर कुत्ते को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर पलटने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । प्राप्त जानकारी के अनुसार खुटहन थाना क्षेत्र के पूराडला गांव निवासी बृजेश कुमार (31)पुत्र मोतीलाल अपने दोस्त बडागांव निवासी दीप नारायण (29)पुत्र बिरथू बिंद के बाइक पर बैठकर दवा लेकर बाइपास के रास्ते घर जा रहा था। जैसे ही दादर बाईपास के सेंट थामस चौराहे पर पहुचा रोड पार कर रहे कुत्ते को बचाने में बाइक अनियंत्रित होकर पलटने से बाइक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देखकर दीप नारायण को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया ।

12 मार्च को होगी किसान पंचायत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय राजमार्ग 233 के निर्माण हेतु भूअधिग्रहण से प्रभावित बीस गांवों के किसानों के मुआवजे के संबंध में विचार विमर्श करने के लिए किसान पंचायत का आयोजन क्षेत्र के मनियारेपुर गांव स्थित ऋषिकुल पब्लिक स्कूल में 12 मार्च को आयोजित की गईं हैं।उक्त के संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्रीय विकास एवं कल्याण समिति के संस्थापक सामाजिक कार्यकर्ता अजीत सिंह ने बताया कि आयोजित की गईं किसान पंचायत में भूअधिग्रहण से प्रभावित किसानों के मुआवजे के अलावा राजमार्ग के अतिशीघ्र निर्माण, रोडवेज बसों के बढ़े हुए किराये, नहरों में समय से पानी की आपूर्ति, खाद बीज की समय से उपलब्धता सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार से विचार विमर्श किया जाएगा।

थाना समाधान दिवस का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समाधान दिवस पर फरियादियों द्वारा सभी 6 प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग से संबंधित दिया गया। लेकिन मौके पर एक भी प्रार्थना पत्र का निस्तारण नहीं हुआ।प्रार्थना पत्र का निस्तारण न होने से मायूस दिखे फरियादी। सभी प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग को सौप कर जल्द से जल्द निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर उपनिरीक्षक जनार्दन यादव, प्रभुनाथ यादव, विरेन्दर गौड, विरेन्द्र बहादुर सिंह, समेत समस्त लेखपाल मौजूद रहे।

टिकैत परिवार को धमकी देने वाला गिरफ्तार : आरोपी ने पुलिस पूछताछ में उगला सच

मुजफ्फरनगर ब्यूरो : भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत के परिवार को धमकी देने के मामले में पुलिस ने हरियाणा के युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने नशे की हालत में कॉल की थी। बम से उड़ाने की बात की पूछताछ में पुष्टि नहीं हो सकी है। मुजफ्फरनगर में भौराकलां पुलिस ने इस मामले में सोनीपत के धनाना गांव निवासी और वर्तमान में नजफगढ़ में रह रहे विशाल को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। बताया गया कि उसने जस्ट डायल से गौरव टिकैत का नंबर प्राप्त कर कॉल की और अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। पुलिस का दावा है कि विस्तृत पूछताछ में बम से उड़ाने और जान से मारने की योजना की पुष्टि नहीं हुई है।

एक आरोपित को महाराष्ट्र पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी थाना क्षेत्र के पाली (निगोह) गांव से एक युवक को महाराष्ट्र के नागपुर से आयी क्राइम ब्रांच पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।गांव में दूसरे प्रान्त की पुलिस पहुँचने से ग्रामीणों में कुछ समय के लिये हड़कम्प मचा रहा, लोग जानने के लिए एक दूसरे से बात करते रहे।पकड़े गये युवक पर ड्रग तस्करी करने का आरोप है। उक्त गांव निवासी एक युवक के घर शुक्रवार की शाम को महाराष्ट्र के नागपुर जिले से सहायक पुलिस निरीक्षक अरविंद शिन्दे अपने साथ दो सहयोगी पुलिस के साथ पहुँच कर स्थानीय पुलिस की मदद से घर की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।युवक पर आरोप है कि वह महाराष्ट्र के नागपुर जिले मे ड्रग सप्लाई सम्बंधित घटना में शामिल था, और वहां से भाग कर वह कुछ दिनों से घर पर रह रहा था। एसओ दिनेश कुमार ने बताया कि क्राइम ब्रांच की पुलिस आरोपी संदीप तिवारी को हिरासत में लेकर बरसठी थाने ले आयी,जहाँ पर लिखापढ़ी के बाद मेडिकल कराने के लिए सीएचसी पर भेजा।वहां से आरोपी का मेडिकल मुआयना होने के बाद लिखापढ़ी कर महाराष्ट्र पुलिस उसे अपने साथ ले गयी।मामले को लेकर क्षेत्र में तरह– तरह की चर्चा है।

लगभग 1376 महिलाओ को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना का मिला लाभ

अयोध्या(डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत हर माह की 10 तारीख को गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की जाती है। इसी के तहत जनपद के जिला महिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जाँचें जैसे – हीमोग्लोबिन, शुगर, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, वजन, ब्लडप्रेशर, अल्ट्रासाउंड एवं अन्य जांच एवं मुफ्त निःशुल्क उपचार की सेवाएँ प्रदान की गईं गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय राजा ने बताया कि इस दिन गर्भवती महिला के ब्लड प्रेशर, ब्लड टेस्ट, यूरीन टेस्ट, हीमोग्लोबिन जांच और अल्ट्रासाउंड का टेस्ट फ्री में किया जाता है. इसके अलावा जो महिलाएं ज्यादा गंभीर होती हैं उन्हें उच्च चिकित्सा केन्द्रों के लिए रेफर कर दिया जाता है. अभियान के तहत आज जनपद में 1376 से अधिक महिलाओं ने प्रसव पूर्व जाँच करवाई। इस मौके पर महिला रोग विशेषज्ञों की देख रेख में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच कर उनका टीकाकरण भी किया गया। विटामिन, आयरन–फॉलिक एसिड व कैल्शियम की दवाएं वितरित कर महिलाओं को प्रसव पूर्व व प्रसव उपरान्त संतुलित और पौष्टिक आहार लेने, साफ–सफाई रखने, समय–समय पर चिकित्सीय परामर्श लेने और संस्थागत प्रसव कराने के लिए प्रेरित किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.के. सक्सेना ने बताया कि जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुरक्षित मातृत्व अभियान को विशेष दिवस के रूप में आयोजित किया गया। स्वास्थ्य इकाईयों तक आने वाली सभी गर्भवती महिलाओं की सभी प्रसव पूर्व जांच कराई गई । उच्च जोखिम वाली महिलाओं की जांच व इलाज एमबीबीएस महिला विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा किया गयाद्य इसके साथ ही गर्भवती एवं धात्री महिला को कोविड टीकाकरण के लिए भी प्रेरित किया गया । उन्होंने बताया– प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस (पी.एम.एस.एम.ए.) के अन्तर्गत समस्त

गर्भवती महिलाओं की द्वितीय/तृतीय तिमाही में सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर कम से कम एक बार विशेषज्ञ अथवा एम0बी0बी0एस0 चिकित्सक की देख–रेख में प्रसव पूर्व जाँचें की जाती हैं। ऊषा ने बताया कि उन्होंने गर्भावस्था की द्वितिय प्रसव पूर्व जांच करवाइ डॉक्टर ने बताया कि मेरा ब्लड प्रेशर व हिमोग्लोबिन का स्तर सामान्य है खानपान पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। वही (ऊषा) ने बताया कि उनका पहला बच्चा है आशा कार्यकर्ता की मदद से मैंने मवई पर जाकर द्वितीय प्रसव पूर्व जांच करवाई सारी जांचे सामान्य है ध्यान देने और पौष्टिक आहार की सलाह दी गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राम प्रकाश पटेल ने बताया कि आयोजित सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के अवसर पर सरकारी के साथ निजी महिला चिकित्सकों के द्वारा भी गर्भवती की एएनसी (प्रसव पूर्व जांच) की गई , इस दौरान 205 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड, 1376 हीमोग्लोबिन, ब्लड–प्रेशर, ब्लड–ग्रुप,शुगर, वजन,896 महिलाओं एचआईवी, हेपेटाइटिस–बी व पेट की जाँच की गई जांच के दौरान 78 गंभीर रक्ताल्पता पाई गयी महिलाओं को आयरन–शुक्रोज लगाया गया तथा उन्हें दवा के नियमित सेवन के साथ–साथ विशेष देखभाल रखने और समय–समय पर चिकित्सीय परामर्श लेते रहने की सलाह दी गयी। डीसीपीएम अमित कुमार ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को हरी साग–सब्जियों, अंकुरित चना एवं दाल, गुड़ आदि का अधिक से अधिक सेवन करना जरूरी होता है। महिला रोग विशेषज्ञ / एमबीबीएस निजी चिकित्सको के द्वारा अर्बन पीएचसी में आयोजित सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जाँचें कर चिकित्सीय परामर्श दिया गया।

के के एस एकादमी शाहजहांपुर में हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ होली मिलन समारोह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) साकेत नगर वार्ड से पार्षद प्रत्याशी श्रीमती संतोष श्रीवास्तव दीपा पत्नी अनिल श्रीवास्तव राजू द्वारा कोतवाली नगर क्षेत्र में के के एस एकेडमी शाहजहांपुर साकेत नगर बेनीगंज रेलवे क्रासिंग के समीप होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा होली गीत के एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर थिरकते हुए दिखाई दे रहे थे और एक दूसरे को होली पर्व पर बधाई देते हुए नजर आए।इस मौके पर कार्यक्रम की आयोजक श्रीमती संतोष श्रीवास्तव उर्फ दीपा श्रीवास्तव ने आये हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वे हमेशा समाज के विकास में कार्य करतीं रहेगी।इस अवसर पर उनके पति व समाजसेवी अनिल श्रीवास्तव उर्फ राजू श्रीवास्तव ने वहां पर आने वाले सभी आंगुतकों को अबीर गुलाल लगाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में उन्होंने वहां पर मौजूद सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि उनसे जो भी हो सकेगा वे समाज के विकास के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि होली आपसी भाईचारे व प्रेम का पर्व है। इसलिए हम सभी को इस पर्व पर आपसी भेदभाव को भुलाकर भाईचारे के साथ पेश

आना चाहिए।इस मौके पर मुख्य रूप से,महानगर उपाध्यक्ष तिलक राम मौर्य,देवकली मंडल महामंत्री राजकुमार वर्मा,अशोक वर्मा ,लक्ष्मण वर्मा महेंद्र वर्मा राहुल श्रीवास्तव, बी पी सिंह, नीरज सिंह , अभिषेक सिंह, अवनीश दूबे, सुभम वर्मा, बंटी ,बृजेश, अमन सिंह, सत्येंद्र सिंह, डाक्टर अजय तिवारी, डाक्टर मनोज सैनी, डाक्टर सुजीत मौर्या, डाक्टर पवन पांडेय,अरुण श्रीवास्तव,जितेंद्र श्रीवास्तव, नीरज राय ,आर पी मौर्य,भगौती,राजन सिंह, मुन्ना,संतोष चतुर्वेदी, विवेक चतुर्वेदी, मंगल उपाध्याय, चंद्रेश्वर लाल श्रीवास्तव,विवेक श्रीवास्तव ,महमूद आलम,फिरोज अहमद, जुगनू, इसरार अहमद, तौकीर रजा, सपना श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव, अनन्या श्रीवास्तव,शौर्य श्रीवास्तव, अनुष्का, अरुण श्रीवास्तव,जितेंद्र श्रीवास्तव सहित कई लोग मौजूद रहे।

वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर न पाए जाने पर पुलिस कर्मियों ने कसा शिकंजा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट चेकिंग अभियान पूरे जिले में एक साथ चलाया गया।डीआईजी/एसएसपी मुनिराज के दिशा निर्देश पर एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह व एसपी देहात अतुल कुमार सोनकर के पर्यवेक्षण में जिले के सभी सीओ ने अपने–अपने क्षेत्रों में संबंधित प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष के साथ सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया।इस दौरान इन पुलिसकर्मियों ने उन वाहन चालकों का चालान किया जो वाहन चालक वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं किया थे। वही वाहन से संबंधित कागजात भी वाहन चालक नहीं दिखा पाए।शुक्रवार को जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के अलावा कैंट,गोसाईगंज,मवई,हैदरगंज, तारुन, बीकापुर रुदौली पटरंगा बाबा बाजार इनायतनगर कुमारगंज, खंडासा, पूराकलंदर महाराजगंज, सहित सभी थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सीओ यातायात प्रमोद कुमार सिंह, एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह व एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने बताया कि

यह चेकिंग अभियान खासकर उन वाहन चालकों के लिए किया जा रहा है जिन्होंने अभी तक अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवाया है। इन अधिकारियों ने सभी वाहन चालकों से अपील किया है के सबसे पहले वे अपने–अपने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवा लें और इसके साथ ही साथ वहां से संबंधित आवश्यक कागजातों को वाहन के साथ रखकर दो पहिया वाहन चालक हेलमेट व चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें।

रामपथ, भक्तिपथ व जन्मभूमि पथ चौड़ीकरण में देरी पर डीएम सख्त : एक्सईएन का वेतन रोका

अयोध्या(डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। सरकार अयोध्या में रामपथ, भक्तिपथ से लेकर पंचकोसी व चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग के लिए लगातार बजट जारी कर रही है। इधर, लोक निर्माण विभाग के अफसर चौड़ीकरण में लेटलतीफी कर रहे हैं।इस देरी ने आखिरकार जिलाधिकारी का मिजाज खराब कर दिया। शुक्रवार को समीक्षा के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को खरी–खरी सुनाई। एक अधिशासी अभियंता का वेतन रोक दिया तो ठेकेदारों के खिलाफ चार्जशीट बनाकर एफआईआर कराने की चेतावनी भी दे डाली। जिलाधिकारी नितीश कुमार शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभाकक्ष में भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ, रामपथ और परिक्रमा मार्गों के चौड़ीकरण की समीक्षा कर रहे थे। उधर, प्रदेश की कैबिनेट ने इन मार्गों के लिए 465 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी।ऐसे में डीएम ने कहा कि जब जमीन उपलब्ध हो चुकी है तो निर्माण में देरी क्यों हो रही है। उन्होंने डक्ट बनाने के काम में तेजी लाने को कहा। लोक निर्माण विभाग खंड–3 व खंड–4 को पथों पर कम से कम दो शिफ्टों में काम कराने को कहा। कहा कि रामपथ पर चौनेजवार जेई/एई की टीमें लगाएं। बैठक में अनुपस्थित और बिना किसी सूचना के मुख्यालय से बाहर जाने पर अधिशासी अभियंता लोनिवि निर्माण खंड–3 का एक दिन का वेतन रोकने के साथ ही जवाब तलब किया। धर्मपथ के कार्यों को भी प्रारंभ कराए जाने के लिए निर्देश दिया। पंचकोसी और चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण संबंधी कार्यों में भी तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में एसडीएम सदर विशाल कुमार, एडीएम प्रशासन अमित सिंह समेत अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

उप गन्ना आयुक्त ने किया गन्ना समिति गनौली का औचक निरीक्षण

अयोध्या(डीकेयू लाइव ब्यूरो सुरेंद्र कुमार)उप गन्ना आयुक्त अयोध्या हरपाल सिंह ने मुख्यालय द्वारा निर्धारित 44 बिन्दुओं पर निरीक्षण किया। निरीक्षण में उनके द्वारा गन्ना समिति की निधियो को सही ढंग से विनियोजन करने के लिए निर्देषित करते हुए सूचीबद्ध करने के लिए कहा।बैंक समाधान पत्र अद्यतन करने के लिए आदेषित किया गया।अनुपस्थित कर्मचारियो के वेतन बाधित करने हेतु निर्देषित करते हुए कृषक समस्या के त्वरित निस्तारण के निर्देश उपस्थित ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रिपुदमन को दिये गयें। उप गन्ना आयुक्त द्वारा खेतों में बचे अवशेष गन्ने के रि–सर्वे कर फीडिंग कराने पर जोर दिया।गन्ने की समानुपातिक खरीद की समीक्षा करते हुए संतोष व्यक्त किया गया।विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए अभिजनक गन्ना बीज उठान,पंचामृत खेती,ड्रिप सिस्टम स्थापना मे प्रगति के लिए भी उनके द्वारा निर्देशित किया गया।

क्रोनी कैपिटलीज्म की नीति के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

अयोध्या(डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। मोदी सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलीज्म की नीति के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने महानगर कांग्रेस अध्यक्ष वेद सिंह कमल के नेतृत्व में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य शाखा के समक्ष प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एकत्रित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता भ्रष्ट यार– बचाए सरकार जैसे नारे लगाते हुए स्टेट बैंक के रीजनल कार्यालय से मुख्य शाखा की ओर बढ़े, बीच रास्ते में पुलिस बल ने जबरदस्ती कार्यकर्ताओं को बैंक परिसर तक पहुंचने से रोका। कांग्रेस कार्यकर्ता वहीं धरने पर बैठ गए। बीच रास्ते पर धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा केंद्र की मोदी सरकार इस देश में अघोषित आपातकाल लगाए हुए हैं । संसद से लेकर सड़क तक विपक्ष की आवाज को दबाने का कार्य मोदी सरकार कर रही है। जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने इस देश के प्रधानमंत्री को उद्योगपतियों का सेवक बताते हुए कहा मोदी इस देश की अर्थव्यवस्था को गलत दिशा में ले जाने का कार्य कर रहे। पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, रामदास वर्मा तथा पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ने मौजूदा समय को चिंताजनक बताते हुए कहा मोदी सरकार की नीतियों के कारण देश में गरीबी और बेरोजगारी बढ़ रही है तथा बैंकों में रखा हुआ आम जनता का पैसा सुरक्षित नहीं रह गया है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार की अदानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलीजम की नीति से इस देश की जनता वाकिफ हो चुकी है। गहरे आर्थिक संकट के समय में भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अदानी समूह को बेच रही हैं । एसबीआई तथा एलआईसी जैसी संस्थाओं को अदानी समूह में निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों की करोड़ों की बचत जोखिम में है। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा, अनिल तिवारी, विजय पांडे, प्रवीण श्रीवास्तव ,डीएन वर्मा, अशोक राय, रामेंद्र त्रिपाठी, ,अब्दुल हकीम ,प्रमिला राजपूत ,कंचन दुबे ,डॉ विनोद गुप्ता प्रेम नारायण पांडे , राजकुमार मौर्य, राजदेव वर्मा ,आशीष गुप्ता, अमर बहादुर चौधरी ,अनंतराम सिंह, आशुतोष सिंह, सौरभ सिंह, सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, रामसूरत सोनी ,चंचल सोनकर, भारत वर्मा ,धर्मेंद्र सिंह फास्टर ,अमरीश कौशल ,रामसूरत सोनी, सुनील पाल आदि उपस्थित रहे।

मधुमक्खियों के हमले में एक गंभीर : कई घायल

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) दसवां संस्कार के दौरान पेड़ के नीचे धुआं होने पर मधुमक्खियां छत्ते से निकल पड़ीं। आक्रामक मधुमक्खियों के हमले में दर्जनों लोग घायल हो गए। इसमें मुंबई से अपने गांव आए एक व्यवसायी की हालत गंभीर है।उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिले के तारुन क्षेत्र की ग्राम पंचायत जयसिंहमऊ मजरे कुंडवा निवासी लालबहादुर वर्मा पावर कॉर्पोरेशन में लाइनमैन हैं।उनकी माता का दसवां शुक्रवार को था। दोपहर के समय गांव के उत्तर में बड़ी बाग में यह कार्यक्रम जैसे ही शुरू हुआ। वहां आए हुए महापात्र ने आग में होम सामग्री डाली।आग से उठा धुआं आम के पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते तक पहुंच गया।ग्रामीणों के अनुसार, मधुमक्खियों ने पहले महापात्र को डंक मारना शुरू किया। वह जान बचाकर जब अन्य ग्रामीणों के पास पहुंचे तो मधुमक्खियां ने सबको डंक मारना शुरू कर दिया।बाकी ग्रामीण तो किसी तरह भाग निकले, लेकिन वीरेंद्र पाण्डेय (53) भाग नहीं सके। जिससे उन्हें सैकड़ों मधुमक्खियों ने बुरी तरह घायल कर दिया। उनके शिक्षक भाई विजय पांडेय एंबुलेंस के साथ आए और कंबल डालकर उन्हें बचाया।इसके बाद उन्हें तारुन के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनका इलाज कर रहे डॉ. अनूप सिंह ने बताया कि कमर के ऊपरी हिस्से में काफी डंक हैं। उपचार हो रहा है, अब स्थिति सामान्य हो रही है। ग्रामीण मुन्ना पाण्डेय, लाल बहादुर सहित अनेक को उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

जिला चिकित्सालय में डायरिया से पीड़ित रोगियों की संख्या में हो रही बढ़ोतरी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला चिकित्सालय में इस समय डायरिया से पीड़ित रोगी की संख्या में काफी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है।जिसमे बच्चों के साथ साथ बूढ़े बुजुर्ग भी इस रोग से पीड़ित होकर अपना इलाज कराने के लिये जिला चिकित्सालय की ओर आ रहे हैं।अगर देखा जाए तो शुक्रवार को ही दोपहर दो बजे तक डायरिया रोग से पीड़ित तीन दर्जन से अधिक रोगियों ने आकर अपना इलाज कराया।वही कुछ मरीजों की जिसमें बच्चों की गंभीर दशा के चलते उनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है।होली पर्व के बाद शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले उल्टी दस्त से पीड़ित रोगी जिसमें बच्चों की संख्या अधिक है।जो जिला चिकित्सालय में भर्ती हो रहे हैं। वही इसी कड़ी में बच्चों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों व शहर क्षेत्रों से युवक व बुजुर्ग भी डायरिया रोग का शिकार होकर जिला चिकित्सालय में भर्ती हो रहे हैं।अकेले शुक्रवार को ही जिला चिकित्सालय में डायरिया रोग से पीड़ित रोगियों के शुक्रवार को आने से ऐसा लग रहा है कि आने वाले दिनों में जिला चिकित्सालय में डायरिया रोग से पीड़ित रोगियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हो सकती है। इनसे पीड़ित रोगियों का सही इलाज करने के लिये अभी से ही जिला चिकित्सालय के प्रशासन को कमर कसनी होगी।क्योंकि अभी कुछ ही लोग डायरिया से पीड़ित रोगी यहां पर जिला चिकित्सालय में भर्ती हो रहे हैं अगर आने वाले दिनों में जब इस रोग से पीड़ित रोगियों की संख्या में इजाफा होगा तो हालात यहां तक हो जाती है कि डायरिया से पीड़ित बच्चों की भर्ती इस लिए नहीं हो सकती कि आये दिन गर्मी में बच्चा वार्ड पूरी तरह से भर जाता है। जिसके चलते जिला चिकित्सालय में तैनात सीएमएस को वैकल्पिक व्यवस्था करनी होती है।जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉक्टर सी वी एन त्रिपाठी ने बताया कि आने वाले दिनों में खासकर बच्चों को डायरिया से बचाना होगा।उन्होंने बताया कि डायरिया के मुख्य पहचान उल्टी व दस्त है।उल्टी दस्त अधिक होने के चलते रोगी के अंदर पानी की कमी हो जाती है।वह शारीरिक रूप से कमजोर हो जाता है।बच्चे ही नहीं किसी भी उम्र के महिलाओं का पुरुषों को भी गर्मी में डायरिया हो सकता है।उन्होंने बताया कि बाहर के खाद्य पदार्थों के सेवन करने से बचें। सुपाच्य व ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करें।उन्होंने बताया कि डायरिया से पीड़ित जितने भी रोगी जिला चिकित्सालय में इस समय फिलहाल आ रहे है उनका सही ढंग से इलाज चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर डायरिया से पीड़ित गंभीर रोगियों को भर्ती में किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में इस रोग से रोगियों को कोई परेशानी ना हो इसके लिए जरूरत पड़ने पर एक दो वार्ड को भी आने वाले दिनों में आरक्षित किया जाएगा।

संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ से लटकता मिला शव : परिवार में मचा कोहराम : पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जनपद के कोतवाली क्षेत्र बीकापुर के मलेथू कनक गांव में हरीश कोरी नामक 27 वर्ष पुत्र रामबरन युवक ने गांव के स्थित पूर्व जिला पंचायत सदस्य आशाराम निषाद के घर के पीछे लगे आम के पेड़ में गमछे के सहारे गले में फंदा डालकर झूल गया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। आत्महत्या की घटना आज 5:00 बजे के आसपास भोर की बताई जा रही है। घटना की जानकारी ग्राम प्रधान राकेश यादव ने कोतवाली को दी मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस टीम के द्वारा लटके युवक का शव नीचे उतरते हुए अपने कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी कर पंचनामा करवाया और पोस्टमार्टम के लिए जिला चीरघर भेजा गया। संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव परिवार में मचा कोहराम। वहीं दूसरी तरफ कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार राय का कहना है कि आत्महत्या या हत्या यह पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा फिर भी पुलिस अपने स्तर से घटना की जांच कर रही हैं।

चीरघर वसूली के मामले में सीएमओ ने बैठाई जांच

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। चीरघर में शव के पोस्टमार्टम के लिए सामान के नाम पर 980 रुपये मांगने के मामले में सीएमओ ने बृहस्पतिवार को जांच कमेटी बना दी। उन्होंने तीन सदस्यीय कमेटी बनाकर एक सप्ताह के भीतर जांच आख्या मांगी है। मंडल कारागार के पीछे स्थित चीरघर में विगत छह मार्च को अयोध्या कोतवाली के दर्शननगर चौकी क्षेत्र की एक महिला व कैंट थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के ट्रेन दुर्घटना में मौत के बाद पोस्टमार्टम के लिए लाया गया था। पोस्टमार्टम ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक उस दिन काफी विलंब से आए। बाद में दोनों मृतकों के परिजनों को सामान की सूची थमाई गई। सामान न लाने पर उनसे 980 रुपये की मांग की गई। एक मृतका के परिजन ने रुपये दे दिये, जबकि दूसरे के परिजन सामान लेकर आए। सात मार्च के अंक में 'अमर उजाला' ने '980 रुपये दो... तब होगा पोस्टमार्टम' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए सीएमओ ने बृहस्पतिवार को जांच कमेटी बैठाई है। कमेटी में शामिल एसीएमओ डॉ. डीके शर्मा, पीएम के नोडल अधिकारी डॉ. वीपी त्रिपाठी व एसीएमओ डॉ. बीएन यादव को एक सप्ताह के भीतर मामले की जांच करके आख्या भेजने का निर्देश दिया गया है। सीएमओ डॉ. अजय राजा ने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

बिना टिकट सवारियां ढोने में चालक बर्खास्त : परिचालक–लिपिक निलंबित

अयोध्या(डीकेयू लाइव ब्यूरो सुरेंद्र कुमार) रोडवेज बस को मनमाने तरीके से चलाकर बिना टिकट सवारियां ढोने के एक मामले में क्षेत्रीय प्रबंधक ने बृहस्पतिवार को चालक को बर्खास्त कर दिया है। साथ ही परिचालक और बस में सवार लिपिक को निलंबित कर दिया है। अयोध्या डिपो की यह बस टांडा–अयोध्या–कानपुर रूट पर चलती है। इसमें परिचालक अमेठी जिले के हलियापुर निवासी धीरेंद्र प्रताप सिंह और चालक मुश्ताक अहमद तैनात हैं। होली के अवसर पर चालक–परिचालक को अपने आवास पर हाल्ट करने की सुविधा प्राप्त है। ऐसे में यह बस धीरेंद्र प्रताप सिंह के हलियापुर स्थित आवास पर रात में रोकी गई। यह बस बृहस्पतिवार को अयोध्या आ रही थी तो मऊ शिवाला के पास आरएम के निर्देश पर सहायक यातायात निरीक्षक (एटीआई) दिनेश दुबे ने बस की चेकिंग की। चेकिंग में वे यह देखकर हैरान रह गए कि बस में परिचालक थे ही नहीं। बस में कुल छह सवारियां थीं, जिसमें से एक अयोध्या डिपो में तैनात लिपिक डीएन जायसवाल भी थे। किसी भी यात्री के पास कोई टिकट नहीं था। ऐसे में एटीआई ने वीडियो आदि बनाकर पूरी रिपोर्ट क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज विमल राजन को सौंप दी। आरएम ने बताया कि यह बेहद गंभीर मामला पकड़ में आया है। ऐसे में संविदा चालक मुश्ताक अहमद को तत्काल बर्खास्त कर दिया गया है। जबकि परिचालक और लिपिक को निलंबित किया गया है। उन्होंने कहा कि लिपिक का दोष यह है कि बस में परिचालक न होने की जानकारी होने के बावजूद उन्होंने उच्चाधिकारियों को सूचना नहीं दी। जिससे उनकी मिलीभगत भी प्रतीत होती है।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक कल : रामायना होटल में होगी बैठक : तैयारियां पूरी

अयोध्या(डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक द रामायना होटल में 12 मार्च को आयोजित होगी। जिसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। बैठक में पार्टी के शीर्ष स्तर के पदाधिकारियों के साथ महिला मोर्चा की राष्ट्रीय, प्रदेश पदाधिकारी व क्षेत्रीय, जिलाध्यक्ष हिस्सा लेंगी। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री डा ममता पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश कार्यसमिति में महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य का सानिध्य पदाधिकारियों को प्राप्त होगा। पार्टी ने पदाधिकारियों के स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली है। उन्होने बताया कि बैठक को लेकर जिम्मेदारियां सौंप दी गयी है। जिसमें 11 से पदाधिकारियों का आगमन प्रारम्भ हो जायेगा। इस दिन शाम को तैयारी बैठक भी होगी। 12 मार्च को 9 से 3 बजे तक कार्यसमिति आयोजित की जायेगी। जिसमें 9 से 10 बजे तक रजिस्टेशन होगा। इसके बाद बैठक प्रारम्भ होगी। बैठक को लेकर शहर विभिन्न स्थानों पर होडिंग लगाई जा रही है। भाजपा के शीर्ष नेता व प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आने वाले पदाधिकारी अयोध्या दर्शन भी करेंगी।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।